>

Title: Need to connect Narmada and Sipra rivers flowing in Malwa and Neemad regions of Madhya Pradesh to prevent these areas from becoming arid.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): महोदया, मेरी शून्य काल में चिंता का विषय मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल क्षेत्र से संबंधित है। जहां एक सर्वे भू-जल वैज्ञानिकों ने विगत दिनों में किया था और उस अनुसंधान में यह पाया गया कि आने वाले बीस-पच्चीस वर्षों में मालवा और निमाड़ क्षेत्र मरूस्थल में तब्दील हो जाएगा। इसका कारण यह है कि कई वर्षों से अल्प वर्षा के कारण वहां बहुत बुरी स्थिति है। वहां भू-जल स्तर 800, 900, एक हजार फीट तक चला गया है।

महोदया, मेरा अनुरोध है कि बार-बार अल्प वर्षा के कारण नदी जोड़ के बारे में पूरे भारत में आवाज उठती रही है। मेरा अनुरोध है कि मालवा में बहने वाली नर्मदा और शिप्रा नदी, निमाड़ का प्रतिनिधित्व मेरे साथी श्री अरूण यादव करते हैं, मैं मालवा का प्रतिनिधित्व करता हूं, नर्मदा और शिप्रा नदी को प्रायोगिक तौर पर जोड़ने के लिए जल संसाधन विभाग पहल करे, माननीय प्रधानमंत्री जी पहल करें। प्रायोगिक तौर पर यदि हम एक क्षेत्र की नदियों को जोड़ पाएं तो निश्चित रूप से मरूस्थल बनने से मध्य प्रदेश का यह बड़ा अंचल मालवा और निमाड़ बच जाएगा। मेरा आपसे पुरजोर अनुरोध है और आप भी आसन से निर्देश दें, ऐसा मेरा आग्रह है।

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्य श्री गणेश सिंह अपने आपको श्री सज्जन वर्मा जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।